राजस्थान सरकार
कार्मिक (ख–3) विभाग

क्रमांकः पं. 1(24)का./ख–3/2011 जयपुर, दिनांकः 28 OCT 2022

:: परिपत्र ::

सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस दिनांक 31 अक्टूबर 2022 (सोमवार) को **''राष्ट्रीय एकता दिवस''(National Unity Day)** के रूप में मनाया जा रहा है। दिनांक 31 अक्टूबर, 2022 को प्रातः 11.00 बजे शासन सचिवालय परिसर स्थित मुख्य भवन के पोर्च पर मुख्य सचिव महोदया, राजस्थान सरकार द्वारा समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' की शपथ दिलवायी जावेगी। **शपथ का प्रारूप इस परिपत्र के पृष्ठभाग पर अंकित है।**

दिनांक	स्थान	समय
31.10.2022 (सोमवार)	मुख्य भवन के पोर्च पर	प्रातः 11.00 बजे

अतः शासन सचिवालय में कार्यरत समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध है कि कृपया शपथ कार्यक्रम में निर्धारित समय से 15 मिनट पूर्व आवश्यक रूप से उपस्थित होने का कष्ट करें।

-sd-

(विकास राजपुरोहित)
शासन उप सचिव

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं :–

1. प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान, जयपुर।
2. संयुक्त सचिव, मुख्य सचिव महोदया, जयपुर।
3. विशिष्ठ सहायक/निजी सहायक/निजी सचिव, समस्त माननीय मंत्रीगण/राज्यमंत्रीगण।
4. समस्त अति. मुख्य सचिवगण/प्रमुख शासन सचिवगण/शासन सचिवगण/ विशिष्ठ शासन सचिवगण/संयुक्त शासन सचिवगण/वरिष्ठ शासन उप सचिवगण/शासन उप सचिवगण/सहायक शासन सचिवगण।
5. समस्त विभाग/अनुभाग।
6. सूचना पट्ट।
7. प्रोग्रामर, कार्मिक विभाग (कम्प्यूटर सैल) को परिपत्र विभाग की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
8. रक्षित पत्रावली।

28/X/22

(प्रेमसिंह वर्मा)
पंजीयक
शासन सचिवालय

राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ

मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूँगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूँगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ।